1	2	3	4
85	Upendra Vajpeyi . . .	DII/315, Pandara Road	Feb.70
86	V. M. Soluja	DII/6/4, Anderews Ganj	17-6-78
87	Virender Kumar . . .	DII/56, Kaka Nagar	28-3-76
88	V. N. Nair	DII/252, Pandara Road	26-10-73
89	V. S. Sanghvi	10-A, Sujan Singh Park	28-4-78
90	V. V. Eswaran . . .	C-II/75, Shahjahan Road	23-9-75
91	Virendra Prabhakar . . .	CII/32, Dr. Z. H. Marg	30-11-81
92	V. K. M. Kutty . .	DI/25, Rabindra Nagar	7-2-77
93	Virendra Sanghi . . .	C-12, Adn. Ganj Extn.	4-6-92
94	Vijay Shankar . . .	A-12, —do—	4-6-92
95	V. Rajagopal	C-14, —do—	4-6-92
96	Yogesh B. Mathur . . .	B-15, Adn. Ganj Extn.	4-6-92

प्लेग महामारी फैलाने वाली अस्वास्थ्यकर स्थितियां

632. **श्री रजनी रंजन साहू** : क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में देश में प्लेग की महामारी फैलने का एक कारण नगरों विशेषतः सूरत, दिल्ली आदि जैसे नगरों के गन्दी बस्ती क्षेत्रों मे अस्वास्थ्यकर स्थितियां और कूड़े का इकट्ठा होना था ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने कूड़ा हटवाने और गन्दी बस्तियों में अस्वास्थ्यकर स्थितियों को दूर करने के लिए क्या उपाय किए है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थंगन) : (क) और (ख) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने प्लेग फैलने एवं अन्य संबद्ध मामलो के लिए उत्तरदायी तथ्यों की जानकारी हासिल करने के लिए एक तकनीकी सलाहकार समिति का गठन किया ताकि भविष्य में इस तरह की बिमारियों से बचा जा सके समिति ने छः माह के अन्दर अपनी रिपोर्ट देनी है ।

कूड़े-कचरे के हटाए जाने और स्लम बस्तियों की गंदी हालत को दूर करने के लिए राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में संबद्ध शहरी स्थानीय निकायों द्वारा आवश्यक उपाय किए जाते हैं । राज्य योजना के अंतर्गत आने वाली शहरी स्लम बस्तियों के पर्यावरण सुधार की योजना का उद्देश्य स्लम बस्ती वासियों को जल आपूर्ति, सीवर, सामुदायिक स्नानागार, शौचालय आदि जैसी बुनियादी नागरिक सुविधायें देकर उनके रहन-सहन मे सुधार लाना है । केन्द्र प्रवर्तित-शहरी बुनियादी सेवा कार्यक्रम (यू. बी.एस.पी.) से शहरी निर्धन के जीवन स्तर में सामुदायिक संगठन, गतिशीलन, समुदायों को अधिकार देकर एवं विशेष तौर पर औरतों की भागीदारी के माध्यम से महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं ।

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा फ्लैटों का निर्माण

633. **श्री अजीत जोगी** : क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1992 और 1993 के दौरान दिल्ली विकास प्राधिकरण (डी.डी.ए.) द्वारा फ्लैटों के